## सार-समाचार

### पीपा संस्थान का शपथ ग्रहण संपन्न

**जोधपुर**, (कासं)। श्री पीपा क्षत्रिय आम न्याति संस्थान महामंदिर की नई कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह शनिवार को शाम भदवासिया 80 फीट रोड स्थित देवी फार्म हाउस पर आयोजित किया गया। चुनाव अधिकारी एडवोकेट प्रकाश पंवार ने बताया कि संस्थान के संविधान में प्रदत्त नियमों के अंतर्गत चुनाव कराए गए थे। इसमें सुरेश चौहान-अध्यक्ष, धर्मेंद्र दहिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष,रामकुमार परिहार उपाध्यक्ष राजेंद्र तंवर, सचिव, दिकेश दहिया सह सचिव तथा गजेंद्र सोलंकी कोषाध्यक्ष चुने गए। जबकि अरविंद चावड़ा, भगवती लाल दहिया, दीपक पंवार, तथा महेंद्र गोयल कार्यकारिणी सदस्य चुने गये। आज भव्य समारोह में श्री पीपा प्रकाश के संपादक नरेन्द्र चौहान ने नई कार्यकारिणी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर श्री समस्त पीपा क्षत्रिय न्याति के अध्यक्ष प्रकाश चावड़ा, पार्षद कब्बूलाल दहिया, आम न्याति के पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर पंवार,पुसाराम चावड़ा, नरेन्द्र चौहान, विजय चौक पीपा जी मन्दिर के व्यवस्थापक हनुमान चावड़ा, पुखराज पंवार, मिश्रीलाल गोयल, लिखमाराम परिहार, भंवरलाल दहिया, शान्ति लाल चौहान, गजेन्द्र चौहान, हनुमान लाल पंवार, तेजाराम राखेचा सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित थे।

### लोकपाल ने फर्जी उपस्थिति पर मांगी रिपोर्ट

**जालोर**, (कासं)। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे कार्यों में फर्जी उपस्थिति दर्शाने को लेकर लोकपाल ने संबंधित ग्राम विकास अधिकारियों से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है। लोकपाल नैनसिंह शंखवाली ने बताया कि शनिवार को रेंडमली ऑनलाइन उपस्थिति चैक करने पर जालोर पंचायत समिति के मेडा उपरला और भागली सिंधलान ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत चल रहे कार्यस्थल पर ली गई उपस्थिति में प्रथम दृष्टया फर्जीवाडा नजर आया है। उन्होंने बताया कि भागली सिंधलान ग्राम पंचायत में चल रहे मनरेगा कार्य के मस्टररोल संख्या 6454 से 6456 और मेडा उपरला ग्राम पंचायत में चल रहे कार्य के मस्टररोल संख्या 6656 से 6660 तक में कुछ श्रमिकों को अलग-अलग मस्टररोल की उपस्थिति लेते समय प्रत्येक उपस्थिति में खडा करके फोटो खींचकर एनएमएमएस एप से मनरेगा में उपस्थित दिखाया गया है। ऑनलाइन उपस्थिति में फर्जी उपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए मनरेगा लोकपाल नैनसिंह शंखवाली ने मेडा उपरला और भागली सिंधलान ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी को नोटिस जारी कर उपस्थिति की वास्तविक जांच कर सात दिन में तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश करने के निर्देश जारी किए है। लोकपाल ने बताया कि कोई भी व्यक्ति मनरेगा में अब तक हुए या चल रहे फर्जीवाडे को लेकर लोकपाल कार्यालय में शिकायत दर्ज करवा सकता है।

### रेवदर में रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम हुआ

**रेवदर**, (निसं)। मातुश्री शांताबा हजारीमलजी के. पी. संघवी राजकीय महाविद्यालय रेवदर में कार्यवाहक प्राचार्य कुलदीप सिंह लखावत रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने बढ-चढ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के जिला सह-संयोजक जितेन्द्र चौधरी एवं अनिल वैष्णव नें विद्यार्थियों को स्वदेशी संकल्प दिलाकर दौड के लिए प्रोत्साहित किया। दौड प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में तृतीय सेमेस्टर के छात्र भीमा राम एवं छात्रा वर्ग में हिना कुमारी विजयी रही। जिन्हें महाविद्यालय द्वारा पुरुस्कृत कियागया। उक्त कार्यक्रम के साथ ही राष्ट्रीय युवा दिवस के साप्ताहिक प्रतियोगिता कार्यक्रमों का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व की प्रतियोगिता भाषण, निबन्ध, पोस्टर, स्लोगन में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को पारितोषिक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भगवतसिंह सोलंकी प्रधानाचार्य राज. उच्च माध्यमिक विद्यालय, अनापुर, वी.पी. सिंह ब्लॉक अध्यक्ष राष्ट्रीय शिक्षक संघ, रावता राम डाबी जिला कार्यवाह, पूर्व विद्यार्थी श्रवण चौधरी एवं भंवरलाल सहायक आचार्य, हंसराज महावर सहायक आचार्य, प्रदीप कुमार वर्मा, हर्षवर्धन देवडा, लक्ष्मण वाघेला, भीमा राम, प्रताप राम, हीना कुमारी, ममता कुमारी आदि उपस्थित रहे।

### उद्घाटन से पहले ही क्षतिग्रस्त नाला

**गुड़ामालानी**, (कासं)। मुख्यालय पर 5 करोड से अधिक के प्रोजेक्ट नवीन सीसी सडक के साथ बने पानी निकासी के बडे नाले का निर्माण गुणवत्ता के अभाव में बनने से पहले ही जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होने लगा है। कुछ दिनों पुर्व में पुलिस थाने के सामने हाल ही में बना नाला वाहन गुजरते ही टुट गया था । अचानक एक निजी स्कूल की बस नाले में धंस गई और बडा हादसा होते-होते टल गया था । अब पोस्ट आफिस के पास बने आंगनवाडी केन्द्र के किनारे बना नाला टुट गया । ऐसे नाला टुटता रहा तो बडा हादसा होने से कोई रोक नहीं सकता है। मुख्यालय पर अहिंसा चौराहे से दो किमी तक पिछले एक वर्ष से नवीन सीसी मुख्य सडक के साथ पानी की निकासी को बडे स्तर पर नालें का निर्माण कार्य किया जा रहा है । राज्य मंत्री की मॉनिटरिंग में करोडों रुपए के इस सडक प्रोजेक्ट के तहत मुख्य सडक के साथ लेवल एवं गुणवत्ता व उचित मापदंड के अभाव एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों कि अनदेखी और ठेकेदार कि लापरवाही के कारण उद्घाटन से पहले ही क्षतिग्रस्त हो रहा है नाला और दुसरी ओर सडक व नाले के बाद सडक के बीच बन रहे डिवाइडर को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में रोष व्याप्त है ।

### डायबिटीज से पीड़ित बच्चों की जांच

**जालोर**, (कासं)। जालोर के मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र में मिशन मधुहारी के तहत टाइप -1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों की जांच की गई। साथ ही किट व लॉगबुक भी वितरित की गई। स्वास्थ्य केन्द्र के नर्सिंग ऑफिसर असलम खान शेख ने बताया कि प्रत्येक शुक्रवार को डायबिटिक मरीजों के लिए लगने वाले कैंप मिशन मधुहारी के अंतर्गत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र जालोर में डायबिटिज टाइप 1 के मरीज बच्चों की जांच कर योजना के अंतर्गत शुगर जांच मशीन कीट और ब्लड ग्लूकोस मॉनिटरिंग लोग बुक वितरण की गई। मिशन मधुहारी क्लीनिक प्रभारी डॉ मुकेश चौधरी एवं असलम शेख,नर्सिंग ऑफिसर उपस्थित रहे।

### छोडिया में रात्रि चौपाल आयोजित

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जिला कलक्टर प्रतापसिंह ने प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत छोडिया में रात्रि चौपाल आयोजित की। रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलक्टर ने ग्राम स्तर पर जनहित से जुड़ी विभिन्न मूलभूत सुविधाओं एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। ग्रामीणों ने साफ-सफाई, नालियों के निर्माण, खेतों तक जाने वाले मार्गों की स्थिति, आंगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण, शिक्षा, विद्युत, विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता, पेयजल सहित अन्य महत्वपूर्ण समस्याओं से अवगत कराया। जिला कलक्टर ने प्रत्येक परिवाद को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

### एनएसयूआई का भ्रमण दल रवाना

**पाली**, (नि.सं.)। बांगड़ महाविद्यालय में एनएसयूआई से जुड़े छात्र - छात्राओं का समूह तीन बसों में माउंट आबू भ्रमण पर निकला रवाना हुआ। छात्र नेता विकास राठौड़ ने बताया की इस भम्रण का उद्देश्य स्टूडेंट्स को देश के पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी देना और देश की संस्कृति के साथ उन्हें जोड़ना है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिशुपाल सिंह निम्बाड़ा ने भम्रण दल की बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा जिला अध्यक्ष निम्बाड़ा ने सभी छात्र छात्राओं को भ्रमण हेतु सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर महेश बागोरिया, नरेश चौधरी, जयेश चौहान, राहुल भाटी, ऋतिक बंजारा, भावना पंवार, दिव्या, सुमन आदि शामिल हुई।

### विद्युत पोल झुका, झाड़ियों से अटा

**रेवदर**, (नि.सं.)। निकटवर्ती भटाना कस्बे के हीरागर वास वार्ड नंबर 10 में विद्युत विभाग की लापरवाही से ग्रामीणजन परेशान हो रहे है। ग्रामीण रेवा राम हीरागर ने बताया कि विभाग को इस पोल पर ज्यादा कनेक्शन दूर दूर होने के कारण पोल झुक गया है। झाड़ियों से अटा पडा हुआ है। विभाग को कई बार एक ओर पोल लगाने के लिय अवगत कराया हुआ है, लेकिन विभाग की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

### अमरसागर में जरूरतमंदों वस्त्र बांटे

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। शक्तिधरा सेवा संस्थान के तत्वावधान में राजस्थान ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ के आर्थिक सहयोग से अमरसागर ठाम स्थित संस्थान के सेवा केंद्र पर जरूरतमंद महिलाओं, बच्चों एवं ग्रामीणों को वस्त्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष वंदना जगानी, प्रेमलता दाधीच, पुष्पा गज्जा एवं राखी केवलिया की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# जालोर ग्रेनाइट एसोसिएशन का चुनाव आज, दो पैनल में मुकाबला

**जालोर**, (कासं)। ग्रेनाइट एसोसिएशन जालोर के 18 जनवरी को होने वाले चुनाव को लेकर सभी अंतिम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार दो पैनलो के बीच कडा मुकाबला होने की संभावना है।

चुनाव कमेटी के प्रवक्ता नारायण लाल सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि कल होने वाले चुनाव को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक चुनाव संयोजक राजेंद्र मेहता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें चुनाव से जुडी सभी व्यवस्थाओं, नियमों एवं प्रक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा कर उन्हें अंतिम रूप दिया गया। बैठक में दोनों पैनलों के मुख्य चुनाव अभिकर्ता बंशीधर चौधरी एवं नरेंद्र कुमार अग्रवाल को लिखित रूप में चुनाव नियमों की जानकारी दी गई तथा शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने में सहयोग का आग्रह किया गया। साथ ही अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। चुनाव में जालोर जिले के विभिन्न क्षेत्रो बिशनगढ, रीको औद्योगिक क्षेत्र (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण), मोहनजी की प्याऊ, भागली, बागरा एवं सियाणा क्षेत्र के ग्रेनाइट व्यवसायी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव में दो पैनल मैदान में है। लाल सिंह राठौड पैनल में अध्यक्ष पद के लिए लाल सिंह राठौड, उपाध्यक्ष प्रथम हरी सिंह, उपाध्यक्ष तृतीय सुमेर सिंह राजपुरोहित, सचिव ओबाराम देवासी, सहसचिव प्रथम तेजाराम लुहार, सहसचिव द्वितीय कूपाराम बागरेचा, सहसचिव तृतीय मोहबाताराम मेघवाल व कोषाध्यक्ष पद के लिए सुरेश अग्रवाल चुनाव मैदान में है। वही रामकिशन रणवा पैनल में अध्यक्ष पद के लिए रामकिशन रणवा, उपाध्यक्ष प्रथम विनय चौधरी, उपाध्यक्ष तृतीय हरबंश सिंह, सचिव अरविंद चौधरी, सहसचिव प्रथम रतनलाल, सहसचिव द्वितीय महावीर प्रसाद, सहसचिव तृतीय- योगेंद्र धौलपुरिया, कोषाध्यक्ष राम रतन चौधरी चुनाव मैदान में है। चुनाव चिन्ह के रूप में लाल सिंह राठौड समूह को 'हवाई जहाज' एवं रामकिशन रणवा समूह को 'उगता सूरज' चुनाव चिह्न प्रदान किया गया है।



जालोर ग्रेनाइट एसोसिएशन के चुनाव को लेकर तैयारी पूर्ण की गई। फोटो-राष्ट्रदूत

बैठक में किशन जैन, भंवरलाल, राजेंद्र , रामकिशोर, भोपाल सिंह, ओमप्रकाश , हरलाल, विश्नाराम जी, सुशील शारदा, हितेश लोढा एवं राहुल अग्रवाल सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

वहीं ग्रेनाईट एसोसिएशन के चुनाव में इस बार सर्व समाज बनाम जाट चौधरी की बीच घमासान देखने को मिल रहा है। चुनाव में करीब 1032 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेगे।

ऐसे में सबसे अधिक मतदाता जाट चौधरी जाति के होने से इस चुनाव में माली, अग्रवाल, महेश्वरी, कुमावत व लोहार जाति के मतदाता अहम भूमिका निभायेगे। जालोर ग्रेनाइट सिटी के रूप में जाना जाता है, क्योंकि यह भारत के सबसे बडे और प्रमुख ग्रेनाइट उत्पादक और व्यापारिक केंद्रों में से एक है। यहाँ के ग्रेनाइट की गुणवत्ता और विविध रंगों के कारण यह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रसिद्ध है। 1970 के दशक से ग्रेनाइट उद्योग का आरंभ जालोर में हुआ और समय के साथ यहाँ कई यूनिटें और खनन गतिविधियाँ विकसित हुईं, जिससे यह क्षेत्र भारत की महत्वपूर्ण ग्रेनाइट मंडियों में शामिल हो गया।

जालोर ग्रेनाइट एसोसिएशन मुख्यतः ग्रेनाइट खदानों के मालिकों, ब्लॉक ट्रेडर्स, कटर और प्रोसेसरों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक प्रमुख औद्योगिक संगठन है। इसका गठन ग्रेनाइट उद्योग के उद्यमियों को एक साझा मंच प्रदान करने, सरकारी नीतियों, लाइसेंस, रॉयल्टी, परिवहन परमिट और पर्यावरण एवं सुरक्षा नियमों पर सरकार के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए किया गया। जालोर में ग्रेनाईट चुनाव में लेकर शनिवार को दोनो पैनलो के प्रत्याशी ने पुरा जोर लगाया।

वहीं लालसिंह पैनल ने वाहन रैली निकालकर अपनी ताकत दिखाने का प्रयास किया। वही रणवा भी जाट चौधरी कलबी को एकजुट कर अन्य जातियो के समर्थन से अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज करने के लिए पुरा जोर लगा रहे है। ग्रेनाईट एसोसिशन से प्रतिवर्ष करोडो का राजस्व आय प्राप्त होती है। ऐसे में इस एसोसिएशन के अध्यक्ष बनने के लिए दोनो पैनल जी तोड मेहनत कर रहे है। वही पिछले चुनाव वर्ष 2021 में हुए थे। करीब पांच साल के बाद चुनाव होने से उद्यमियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। पिछला कार्यकाल की बात करे तो पिछले कार्यकाल के अध्यक्ष राजू चौधरी का कार्यकाल कुछ खास नही रहा तथा उनके कार्यकाल की कोई खास उपलब्ध भी नही रही है।

स्लरी व अवैध वसूल को लेकर हमेशा ग्रेनाईट एसोसिएशन सर्खियो में रहा है।इस बार उधमी भी इस बार साफ छवि की कार्यकारिणी का गठन करने के उदेश्य से मतदान करेगे। वही लाल सिंह राठौड पूर्व में भी अध्यक्ष रह चुके है। जबकि रामकिशन रणवा प्रथम बार अध्यक्ष का चुनाव लड रहे है।

रणवा जाट चौधरी व कलबी की एकजुट के बल पर मजबूत नजर आ रहे है। वही लालसिंह के साथ सर्वसमाज होने से उनका पलडा भी भारी नजर आ रहा है। चुनाव के बाद मतगणना 19 जनवरी को होगी। चुनाव को लेकर दोनो पैनल के प्रत्याशी चुनाव प्रसार में जुटे हुए है।

# रामदेवरा में हत्या के प्रयास की वारदात का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

**पोकरण**, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर अभिषेक शिवहरे के निर्देशन में थाना रामदेवरा ने हत्या के प्रयास के एक गंभीर प्रकरण का त्वरित खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है तथा विस्तृत अनुसंधान किया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार 7 जनवरी 2026 को पुलिस थाना बाप, जिला फलोदी से जीरो नम्बर एफआईआर पुलिस थाना रामदेवरा को प्राप्त हुई। परिवादी श्यामसुन्दर पुत्र हिरकनराम विश्नोई (उम्र 25 वर्ष) निवासी सरनायत, रामदेवरा ने रिपोर्ट में बताया कि 4 जनवरी को शाम करीब 8 से 8.30 बजे वह अयूब खां के साथ बिना नम्बर की बोलेरो गाडी से मीनासी पेट्रोल पम्प की ओर जा रहा था। मीनासी पेट्रोल पम्प के पास होटल बाबा रामदेव पर सामान लेने के दौरान पीछे से तेज गति से आई एक बोलेरो केम्पर ने उनकी गाडी का पीछा करना शुरू किया।

रेलवे पुलिया व टोल प्लाजा के पास आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से बार-बार उनकी गाडी को टक्कर मारी। इसके बाद गैस एजेंसी से सिहडा रोड की ओर जाते समय आरोपी शिवप्रताप ने फायर किया, जिससे गाडी का पिछला टायर फट गया और वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। परिवादी के अनुसार वाहन से उतरकर भागने पर आरोपियों ने पुनः फायर किया, जिससे उसके पैरों में छर्रे लगे। इसके बाद आरोपियों ने लोहे की पाइप से मारपीट की। घटना में शिवप्रताप, रामस्वरूप, विशाल सहित 4-5 अन्य व्यक्ति शामिल बताए गए।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पोकरण प्रवीण कुमार के निर्देशन तथा वृताधिकारी पोकरण भवानी सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी रामदेवरा खेताराम गोदारा (नि.पु.) के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं लगातार दबिश के बाद आरोपी विशाल विश्नोई पुत्र श्रीराम निवासी मूलराजनगर, लोहावट को गिरफ्तार किया गया।

आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया है। प्रकरण में शेष आरोपियों की तलाश जारी है तथा मामले का विस्तृत अनुसंधान किया जा रहा है।

# फोटो पर आपत्तिजनक कमेंट करने पर केस दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान पुलिस ट्रेनिंग सेंटर आरपीटीसी में एक महिला कांस्टेबल की फोटो पर आपत्तिजनक कमेंट किए जाने का पुलिस में दर्ज हुआ है। पुलिस ने अदालत से मिले इस्तगासे पर आईटी एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज किया है।

फिलहाल पुलिस इस बारे में अग्रिम जांच में जुटी है। मंडोर पुलिस ने बताया कि एक महिला कांस्टेबल ने कोर्ट में इस्तगासे के जरिए केस दर्ज कराया है। इसका आरोप है कि किसी ने उसकी फोटो पर आपत्तिजनक कमेंट कर मैसेज डाले है। मैसेज क्या थे और किस नंबर से आए थे इसका खुलासा रिपोर्ट में नहीं किया गया है। पुलिस के अनुसार महिला कांस्टेबल उदयपुर से यहां पर ट्रनिंग करने आई थी, तब की घटना हो सकती है।

### गाड़ी में ले जाकर कर मारपीट

**जोधपुर**, (कासं)। लूणी पुलिस थाना क्षेत्र पेट्रोल पंप के पास में एक व्यक्ति अधमरी हालत में मिला। बताया जाता है कि पीड़ित को बदमाश अपनी स्कार्पियो में अपहरण कर लाए और फिर मारपीट की गई। उसके होश आने पर आगे का खुलासा हो पाएगा।

# सोमनाथ बस्ती का हिन्दू सम्मेलन आज, वाहन रैली निकाली

**पाली**, (नि.सं.)। शनिवार को सोमनाथ बस्ती के हिन्दू सम्मेलन के तहत विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया।

वाहन रैली की शुरुआत कार्यक्रम संयोजक रमेश सोलंकी माली, महिला संयोजक कमला सोलंकी, सहसंयोजक रिकभ सोनी, सहसंयोजक जयशंकर त्रिवेदी, सहसंयोजक खंगार सिंह शेखावत व कार्यक्रम मिडिया प्रभारी जयेश शर्मा के नेतृत्व में हुई ।

कार्यक्रम संयोजक रमेश सोलंकी ने बताया कि सोमनाथ बस्ती में मौनी अमावस्या 18 जनवरी 2026 रविवार को लाखोटिया उद्यान रंग मंच में विराट हिन्दू सम्मेलन होने वाला है । जिसके निमित आज शनिवार को सायं 4 बजे भैरुघाट चौराहे से भगवा वाहन रैली का आयोजन किया गया।

वही मौनी अमावस्या रविवार को दोपहर 1 बजे सोमनाथ मंदिर से विशाल भगवा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। भगवा यात्रा विभिन्न मार्गो से होते हुए कार्यक्रम स्थल लखोटिया उद्यान रंग मंच पहुंचेगी। यात्रा पहुंचने के पश्यात मौनी अमावस्या के दिन महिला संयोजक कमला सोलंकी निर्देशन में महिलाए भजन- कीर्तन करेगी।

कार्यक्रम मीडिया प्रभारी जयेश शर्मा ने बताया कि हिन्दू सम्मेलन मात्र एक आयोजन नहीं बल्कि हमारे गौरवशाली अतीत और उज्जवल भविष्य का सेतु ह। हिन्दू सम्मेलन के निमित सोमनाथ बस्ती के विभिन्न मौहल्ले में उत्साह का माहौल है।

### सांस्कृतिक पखवाड़ा 20 से

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। मरू महोत्सव 29 जनवरी से 1 फरवरी को और अधिक प्रभावशाली एवं जीवंत बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष पहली बार 20 से 27 जनवरी 2026 तक सांस्कृतिक पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष थार मरुस्थल की लोकधुनों, पारंपरिक वाद्ययंत्रों एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेगी।

सांस्कृतिक पखवाड़ा इसी थीम की सशक्त भूमिका के रूप में होगा। सांस्कृतिक पखवाड़े के तहत जैसलमेर के प्रमुख एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों जैसलमेर किला (प्रातः 11 बजे), पटवा हवेली (सायं 4 बजे) एवं गड़ीसर झील (सायं 5 बजे) पर प्रतिदिन विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# रीट मेंस परीक्षा, पहले दिन 95 फीसदी उपस्थिति रही

**जोधपुर**, (कासं)।कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित की जा रही तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती (रीट मेंस) परीक्षा आज से शुरू हो गई। इस परीक्षा के लिए जोधपुर में 75 केंद्र बनाए गए है। चार दिन चलने वाली इस परीक्षा में जोधपुर में 93,465 अभ्यर्थी बैठेंगे। आज पहली पारी सुबह 10 से दोपहर 12.30 बजे तक हुई। करीब 95.4 फीसदी अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इसके बाद अब 18 से 20 जनवरी तक सात पारियों में लेवल 2 की भर्ती परीक्षा होगी।

इस बार सर्दी को देखते हुए कर्मचारी चयन बोर्ड ने अभ्यर्थियों के लिए गर्म कपड़े पहनने की सुविधा दी है। लेकिन इनमें कोई मेटल बटन या चेन नहीं होनी चाहिए। इसको लेकर सभी केंद्रों पर सघन जांच की। परीक्षा में पारदर्शिता और सुरक्षा के लिए फेस ऑथेंटिकेशन सिस्टम लागू किया गया है, जिसके बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। प्रशासन ने परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए कड़े इंतजाम किए। इसके साथ ही सीसीटीवी निगरानी और सख्त सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है।

परीक्षा देने के लिए दूसरे जिलों से हजारों परीक्षार्थी यहां आए और यहां के परीक्षार्थी दूसरे जिलों में गए है। इसको लेकर रेलवे स्टेशन व बस स्टैंडों पर परीक्षार्थियों की भीड़ रही। जोधपुर डिपो के मुख्य प्रबंधक उम्मेद सिंह ने बताया कि परीक्षार्थियों के लिए रोडवेज ने निशुल्क बसें शुरू की है।

चार दिन की इस भर्ती परीक्षा में अधिकतर अभ्यर्थी जोधपुर, फलोदी, बालोतरा, बाड़मेर, नागौर, जालोर, जैसलमेर व पाली सहित अन्य जिलों से आएंगे। शहर में शुक्रवार देर शाम से ही अभ्यर्थियों की आवाजाही शुरू हो गइ थी। रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर तक सर्दी में ठिठुरते अभ्यर्थी नजर आए।

# डिस्कॉम की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**जालोर**, (कासं)। 26 जनवरी 2026, गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, वृत क्षेत्र जालोर के विभिन्न कार्यालयों के अधिकारियों एवं कार्मिकों की दो दिवसीय विभिन्न खेलकूद प्रतियागिताएं जिला मुख्यालय पर आयोजित की गई।

शुभारम्भ निमेन्द्र राज सिंह अधीक्षण अभियंता (पवस) जोधपुर डिस्कॉम, जालोर द्वारा बॉलीबॉल खेल से किया गया । इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि खेलों से व्यक्ति के व्यक्तित्व में निखार आता है एवं शारीरिक व मानसिक विकास होता है। नियमित खेल खेलने से एकाग्रता, भाईचारा, सदभावना, अनुशासन, प्रेमभाव एवं टीम की भावना का विकास होता है, जो व्यक्ति के जीवन में बहुत आवश्यक एवं लाभदायक है। खेलकूद प्रतियोगिताओं में कबड्डी के प्रथम क्वाटर फाईनल में रानीवाडा खंड एवं सायला खंड के मुकाबले में रानीवाडा खंड विजयी रहा। इसी तरह दूसरे क्वाटर फाईनल में सांचोर खंड जालोर के मुकाबले में सांचोर खंड विजयी रहा।

रस्सा-कस्सी के प्रथम क्वाटर फाईनल में भीनमाल खंड एवं जालोर खंड के बीच हुये मुकाबले में भीनमाल खंड विजयी रहा। इसी तरह दूसरे क्वाटर फाईनल में जालोर वृत एवं सायला खंड के बीच हुये मुकाबले में जालोर वृत की टीम विजयी रही।

प्रथम सेमीफाईनल में जालोर वृत एवं रानीवाडा खंड के बीच हुये मुकाबले में रानीवाडा खंड की टीम विजयी रही। बॉलीबॉल के प्रथम क्वाटर फाईनल में रानीवाडा खंड एवं जालोर खंड के बीच हुये मुकाबले में जालोर खंड विजयी रहा। इसी तरह दूसरे क्वाटर फाईनल में सायला खंड एवं सांचोर खंड के बीच हुये मुकाबले में सांचोर खंड की टीम विजयी रही। एवं प्रथम सेमीफाईनल में भीनमाल खंड एवं जालोर खंड के बीच हुये मुकाबले में जालोर खंड की टीम विजयी रही तथा दूसरे सेमीफाईनल में सांचोर खंड एवं जालोर वृत के बीच हुये मुकाबले में जालोर वृत की टीम विजयी रही।

दौड़ की प्रतियोगिता में प्रथम 50 वर्श से अधिक की आयु के प्रतिभागियों की दौड में गोपाल राम मेघवाल अधिषाशी अभियंता (सतर्कता) प्रथम, बचनाराम गर्ग सहायक अभियंता द्वितीय एवं नारायण लाल सुथार और ए.के. सिंह अधिषाशी अभियंता संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार 100 मीटर के 40 वर्श के अधिक की आयु के प्रतिभागियों की दौड में रवि नायक सहायक कर्मचारी प्रथम, सुरेष द्वितीय एवं निमेन्द्र राज सिंह अधीक्षण अभियंता जालोर तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह 100 मीटर के ओपर मुकाबले में भगवान मीणा प्रथम, पिन्टूसिंह द्वितीय एवं मनोज मीणा तृतीय स्थान पर रहे। इसी के 400 मीटर की दौड की प्रतियोगिता में भगवान मीणा प्रथम, मनोज मीणा द्वितीय एवं रवि नायक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शतरंज के क्वाटर फाईनल कनिष्ठ अभियंता ललित कपूर एवं अधिषाशी अभियंता नारायण लाल सुथार के बीच हुये मुकाबले में ललित कपूर विजयी रहे।

इसी तरह दूसरे क्वाटर फाईनल में कनिष्ठ अभियंता राजवीरसिंह राजपुरोहित एवं कनिष्ठ अभियंता ललित गेहलोत के बीच हुये मुकाबले में राजवीरसिंह राजपुरोहित विजयी रहे। तृतीय क्वाटर फाईनल में हरकेश पंचाल एवं राजकुमार के बीच हुये मुकाबले में राजकुमार विजयी रहे एवं चतुर्थ क्वाटर फाईनल में कुलदीप सिंह एवं विजय सैनी के बीच हुये मुकाबले में कुलदीप सिंह विजयी रहे। बैडमिंटन के सिंगल्स मुकाबले में रविन्द्र गौतम एवं प्रवीण परिहार के बीच हुये मुकाबले में रविन्द्र गौतम विजयी रहे और डबल्स मुकाबले में रविन्द्र गौरतम, प्रवीण परिहार एवं निमेन्द्र राज सिंह, वैभव भाटी की जोडी के बीच हुये मुकाबले में रविन्द्र गौतम एवं प्रवीण परिहार की जोडी प्रथम रही।

टेबल टेनिस की प्रतियोगिता में निमेन्द्र राज सिंह अधीक्षण अभियता एवं प्रवीण परिहार सहायक अभियंता के बीच हुये मुकाबले में निमेन्द्र राज सिंह अधीक्षण अभियंता विजयी रहे। क्रिकेट मैच के लीग मैच में प्रथम सेमीफाईल में जालोर वृत एवं जालोर खंड के बीच हुये मुकाबले में जालोर खंड की टीम विजयी रही।

इसी तरह दूसरे सेमीफाईल मैच में रानीवाडा खंड एवं सांचोर खंड के बीच हुये मुकाबले में रानीवाडा खंड की टीम विजयी रही और फाईनल मैच में जालोर खंड व रानीवाडा खंड की टीम के बीच हुये रौचक मुकाबले में जालोर खंड की टीम ने बाजी मारते हुये क्रिकेट ट्रोफी हासिल की।

अधीक्षण अभियन्ता निमेन्द्र राज सिंह, प्रावैधिक सहायक नारायण लाल सुथार, अधिषाशी अभियंता धमेन्द्र प्रजापति, गोपालराम, ए.के. सिंह, एल.सी. वर्मा एवं भरत कुमार देवडा, सहायक अभियंता वचनाराम गर्ग, प्रभात कुमार षर्मा, रघुवीर प्रसाद मीणा, वैभव कुमार भाटी, कालुराम परमार, प्रवीण परिहार वाणिज्यिक सहायक वसीम इत्यादि अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। खेलकूद प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका पीटीआई रमेषदान राव, मिश्रीमल सुथार, जेठाराम गुर्जर, महावीरसिंह, राजेन्द्र कुमार गुर्जर एवं जयनारायण परिहार ने निभाई।

# एनएसयूआई की बैठक हुई

**जालोर**, (नि.सं.)। नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) की जिला अध्यक्ष सुष्मिता गर्ग के नेतृत्व में भीनमाल विधानसभा क्षेत्र के बागोड़ा ब्लॉक में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में एनएसयूआई के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिससे संगठन की मजबूती और सक्रियता का स्पष्ट संदेश मिला। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सुष्मिता गर्ग ने कहा कि एनएसयूआई देश का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जिसने हमेशा छात्र हितों, शिक्षा के अधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आ ान किया कि वे गांव-गांव और कॉलेज-विद्यालय स्तर पर संगठन को मजबूत करें तथा छात्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के निजीकरण, बढ़ती फीस और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर एनएसयूआई लगातार आवाज उठाती रही है और आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। बागोड़ा सरपंच मदन सिंह ने कहा कि संगठन को मजबूत करने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने और छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों, सदस्यता अभियान, छात्र समस्याओं के समाधान तथा संगठनात्मक विस्तार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार साझा करते हुए क्षेत्र में शिक्षा से जुड़ी चुनौतियों और युवाओं की समस्याओं को सामने रखा। एनएसयूआई की ताकत उसकी जमीनी सक्रियता है।

इस अवसर पर बागोड़ा विधानसभा अध्यक्ष गोपाल धोरावत, ब्लॉक अध्यक्ष रजाक कुरेशी, उपाध्यक्ष धनवंत राणा, इकाई अध्यक्ष हबताराम चौधरी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अंबाराम सहित वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बलदेव मिर्धा की जयंती मनाई

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर में किसान केसरी बलदेवराम मिर्धा की 137वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को कलेक्ट्रेट निवास के समीप स्थित उनकी प्रतिमा पर भव्य पुष्पांजलि कार्यक्रम और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

विधायक भीमराज भाटी ने कहा कि बलदेवराम मिर्धा केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन किसानों के हक और न्याय की लड़ाई में समर्पित कर दिया। शहर के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने मिर्धा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने बलदेवराम मिर्धा के जीवन संघर्ष और किसान समाज के उत्थान में उनके द्वारा दिए गए अतुलनीय योगदान को विस्तार से रेखांकित किया। प्रवीण कोठारी, पुखराज पटेल, पिराराम पटेल, हकीम भाई,भंवर चौधरी भंवर राव, मांगूसिंह दुदावत, गौरधन देवासी, मोहन जाट, राजेंद्र जांगू, कालूराम कालीराना और मेहराम रोज, सुनील बाना,थानाराम सोउ,अमराराम बेनीवाल,विशनाराम गोदारा, महेन्द्र मंडिया, कानाराम छिनग,मदनलाल जांचर, बाबूलाल कालीराणा, शिवराम, अन्दाराम, धर्माराम सहित बड़ी संख्या में किसान समाज के प्रतिनिधियों ने उपस्थित रहकर अपने जननायक को याद किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण मिर्धा अमर रहे के नारों से गुंजायमान रहा और अंत में सभी ने उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। महंत सूरजनदास के सानिध्य में कार्यक्रम में जिला परिषद के सीईओ मुकेश चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी और महेंद्र बोहरा सहित कई जनों ने विचार साझा किए।